तस्करी | गाडरवारा में गौ-तस्करी का नाइट ऑपरेशन

# सड़कों से गायब हो रहे बेसहारा गोवंश

**नवभारत,नरसिंहपुर,गाडरवारा।** प्रदेश सरकार जहाँ एक ओर गौ-वंश के संरक्षण के लिए गौ-कैबिनेट जैसी पहल कर रही है और गांव-गांव में गौशालाओं का जाल बिछाने का दावा कर रही है, वहीं गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र में इन दावों की हवा निकलती नजर आ रही है। क्षेत्र में सक्रिय गौ-तस्कर माफियाओं ने अब तस्करी का एक नया और सुरक्षित तरीका ढूंढ निकाला है, जिससे न केवल गौ-वंश खतरे में है, बल्कि शासन की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।



### नया तरीका, आवारा पशुओं को बनाया आसान शिकार

जानकारों के मुताबिक, गौ-तस्कर अब सीधे बाड़ों में घुसने के बजाय सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर बैठने वाले आवारा पशुओं को अपना निशाना बना रहे हैं। रात के सन्नाटे में, जब पूरा शहर और ग्रामीण अंचल गहरी नींद में होता है, तब तस्कर गिरोह सक्रिय होता है। ये तस्कर आवारा पशुओं को पहले एक जगह इकट्ठा करते हैं और फिर उन्हें खदेड़कर मुख्य रास्तों से दूर सुनसान जगहों पर ले जाते हैं।

### व्यवस्था पर सवाल,ग्रामीणों में आक्रोश

जहाँ पहले से खड़े वाहनों में उन्हें क्रूरतापूर्वक भर लिया जाता है। सरकारी गौशालाओं की क्षेत्र में यह चर्चा आम है कि यदि सरकार द्वारा बनाई गई गौशालाएं व्यवस्थित और सक्रिय होतीं, तो गौ-माता को सड़कों पर असुरक्षित नहीं बैठना पड़ता। ग्रामीण क्षेत्रों में गौशालाओं के निर्माण के बावजूद, उनमें चारे-पानी और सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था न होने के कारण पशु सड़कों पर घूमने को मजबूर हैं। तस्करों के लिए यही मजबूरी अब तस्करी का सबसे आसान रास्ता बन गई है। माफियाओं के हौसले बुलंद, गाडरवारा विधानसभा के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से लगातार पशुओं के गायब होने की खबरें आ रही हैं। स्थानीय नागरिकों और गौरक्षकों का आरोप है कि तस्करों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे बिना किसी डर के इन वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

### ग्रामीणों ने प्रशासन से की मांग

ग्रामीणों ने मांग की है प्रशासन से की रात्रि गश्त संवेदनशील रास्तों और ग्रामीण लिंक रोड पर पुलिस की रात्रि गश्त तत्काल बढ़ाई जाए। सख्त कार्रवाई चिन्हित गौ-तस्कर माफियाओं पर रासुका (NSA) जैसी कड़ी धाराओं में कार्रवाई की जाए। गौशालाओं का संचालन अधूरी पड़ी गौशालाओं को जल्द सर्व-सुविधा युक्त बनाकर पशुओं को वहां सुरक्षित किया जाए। प्रशासनिक उदासीनता पड़ेगी भारी। यदि समय रहते इन संगठित माफियाओं पर नकेल नहीं कसी गई, तो क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ सकती है। गौरक्षकों ने चेतावनी दी है कि गौ-माता की सुरक्षा के लिए वे किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन इन रक्षकों के भेष में छिपे भक्षकों और तस्करी के इस नए पैटर्न पर लगाम लगाने के लिए क्या कदम उठाता है।

## नगर पालिका ने दलों का गठन कर, सुधार कार्य करने का प्रयास

**नवभारत,गोटेगांव।** बीते दिवस नगर पालिका परिषद गोटेगाँव की अध्यक्ष पूनम जितेन्द्र ठाकुर द्वारा विगत दिवस मुख्य नगर पालिका अधिकारी, उपयंत्री एवं संबंधित अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अध्यक्ष ने निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना के अंतर्गत मुआरघाट इंटेकवेल, नवीन बस स्टैंड हरदौल वार्ड इंटेकवेल और नगर की चारों टंकियों से होने वाली पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए। उन्होंने शहरी क्षेत्र की पाइप लाइनों का विस्तृत निरीक्षण कर सभी लीकेज और टूट-फूट की सूची तैयार कर तत्काल सुधार कार्य करने के निर्देश दिए। इन निर्देशों के परिपालन में निरीक्षण दलों का गठन कर दिया गया है, जिन्होंने वार्डों में सप्लाई चैम्बर और लीकेज सुधार का काम शुरू कर दिया है। प्रथम दल में सुश्री मिनी विश्वकर्मा, सुनील मट्ट और गोविंद गिरी गोस्वामी को मुआरघाट से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक पाइप लाइन के निरीक्षण का दायित्व सौंपा गया है। वहीं द्वितीय दल में उपयंत्री चंदन कुमार सिंह, मोहन ठाकुर और इकबाल खान समस्त पंप ऑपरेटरों के साथ टंकियों व सबमर्सिबल की साफ-सफाई का जिम्मा संभालेंगे।

## ग्राम पंचायत संदूक की गौशाला में लापरवाही का आरोप

**नवभारत,साईंखेड़ा।** जनपद पंचायत साई खेड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत संदूक में संचालित गौशाला इन दिनों गंभीर अव्यवस्थाओं और घोर लापरवाही के आरोपों से घिरी हुई है। नर्मदा परिक्रमा वासियों एवं धर्मशाला संचालकों का आरोप है कि गौशाला में लगातार गौवंश की मौत हो रही है, लेकिन मृत गौवंश का न तो वैज्ञानिक ढंग से और न ही नियमसम्मत तरीके से निपटान किया जा रहा है।

आरोपों के अनुसार गौशाला संचालक मृत गौवंश को गौशाला के समीप स्थित धर्मशाला एवं आश्रम के बाजू में खुले क्षेत्र में फेंक देता है। इससे नर्मदा परिक्रमा पर आने वाले श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खुले में पड़े मृत गौवंश को आवारा कुत्ते नोच लेते हैं, जिससे आसपास हड्डियां और मांस के अवशेष फैल जाते हैं। इसके कारण क्षेत्र में तीव्र दुर्गंध व्याप्त रहती है और धर्मशाला में श्रद्धालुओं का ठहरना तक दूभर हो गया है। नर्मदा परिक्रमा वासियों एवं धर्मशाला प्रबंधन का कहना है कि इस गंभीर समस्या को लेकर गौशाला संचालक, ग्राम सरपंच एवं थाना प्रभारी साई खेड़ा को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई। प्रशासनिक उदासीनता के चलते



श्रद्धालुओं में गहरा आक्रोश व्याप्त है। गौरतलब है कि संदूक गौशाला में पूर्व में भी इसी प्रकार की अनियमितताओं और गौवंश की मौत के चलते संचालन कर रहे समूह को हटाकर वर्तमान समूह को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। बावजूद इसके हालात में कोई सुधार नहीं हुआ। गौवंश की मौत का सिलसिला आज भी जारी है, जिससे यह कहावत चरितार्थ हो रही है कि डाक के तीन पात। स्थानीय लोगों का आरोप है कि गौसंवर्धन और संरक्षण के उद्देश्य से संचालित यह गौशाला अपने मूल उद्देश्य से भटक चुकी है। शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत प्राप्त होने वाली राशि का केवल कागजी उपयोग दिखाया जा रहा है, जबकि जमीनी स्तर पर हालात बदतर बने हुए हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि शासन-प्रशासन और गौशाला संचालक दोनों ही गौसंवर्धन एवं संरक्षण के प्रति उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं। इस मामले में नर्मदा परिक्रमा वासियों एवं धर्मशाला प्रबंधन ने नरसिंहपुर जिला कलेक्टर से मांग की है कि पूरे प्रकरण को गंभीरता से संज्ञान में लेकर दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए तथा मृत गौवंश के सम्मानजनक एवं नियम अनुसार निपटान के स्पष्ट निर्देश दिए जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। अब देखना यह है कि प्रशासन इस संवेदनशील मुद्दे पर कब तक ठोस कदम उठाता है या फिर नर्मदा परिक्रमा पर आने वाले श्रद्धालु यूं ही अव्यवस्थाओं का दंश झेलते रहेंगे।



## पूर्णाहुति के साथ गायत्री महायज्ञ का समापन

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तट झिरी घाट में नर्मदा क्षेत्र में आध्यात्मिक समृद्धि हेतु महामृत्युंजय नर्मदा ग्रुप एवं गायत्री परिवार के संयुक्त तत्वावधान में एक जनवरी से विशाल कलश यात्रा के साथ 9 कुण्डीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ तीन जनवरी तक चला जिसका विधिवत पूर्णाहुति के साथ समापन हुआ ।आयोजक मंडल ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि प्रतिदिन सुबह 8 बजे से देव आवाहन यज्ञ आहुतियां दोपहर 2 बजे से युग संगीत प्रज्ञा प्रवचन एवं शाम को विराट दीप यज्ञ संपन्न हुये। तथा शनिवार को विभिन्न वैदिक संस्कार संपन्न कराये गये। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

## हवा में झूलते हुये नजर आ रही गन्ने से भरी ट्रेक्टर में लगी डबल ट्रालियां

**नवभारत,गाडरवारा।** प्रतिवर्ष देखा जाता है कि जब क्षेत्र में गन्ने का सीजन शुरू होता है कि क्षेत्र में स्थापित शुगर मिलों में काम करने के लिये दूसरे प्रांत से आने वाली लोगों द्वारा क्षेत्र की सड़को पर खून की नदिया बहाने में कोई कसर नही छोड़ी जाती है।

क्योंकि इन लोगों द्वारा अपने स्वार्थ को ध्यान में रखते हुये जिस तरह नियमों की धज्जियाँ उड़ाते हुये सड़को पर एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगाकर उन्हें दौड़ाया जाता है उसके कारण घटित होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में क्षेत्र के लोग बैमौत मरने से नही बच पाते है। क्योंकि जब किसी सड़क से इस तरह डबल ट्राली लगा हुआ गन्ने से लदा ट्रेक्टर ट्राली जा रहे होत है कि उनके पीछे वाले वाहन चालकों को



सामने से आने वाली वाहन दिखाई नही देता है तो दूसरी ओर सामने से आने वाली वाहन चालक को इस बात का अनदेशा नही रहता है कि सामने से आने वाले ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगी होगी इस स्थिति में जब वाहन चालक अपने वाहन को अंदर प्रवेश करा देता है और वह दुर्घटना का शिकार होने से नही चूक पाता है यदि इस सच्चाई पर गौर किया जावे तो बीते हुये वर्षो में इस प्रकार से क्षेत्र की सड़को पर दौड़ने वाले गन्ने से लदे हुये डबल ट्रेक्टर ट्रालियों से घटित हुई घटनाओं के चलते अनेक लोगों की जाने जा चुकी है जबकि यातायात नियमों के अनुसार बताया जाता है कि किसी वाहन में पंजीयन के तहत दर्ज वाहन के माफ दंडों के विपरित यदि वाहन को पाया जाता है कि तो वह नियम खिलाफ होता है जबकि ट्रेक्टर ट्रालियों के पंजीयन में ट्रेक्टर के साथ मात्र एक ट्राली का उल्लेख रहता है। इस तरह एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगाते हुये उसका परिवहन करना यातायात नियमों के विपरित होने के बाद भी क्षेत्र की सड़को पर धडल्ले से गन्ना की ढुलाई करने वाले ट्रेक्टर ट्रालियों को दौड़ते हुये देखा जाने के बाद भी पुलिस से लेकर जिम्मेंदार प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता का परिणाम इस प्रकार से दिखाई दे रहा है कि अब अपने ट्रेक्टरों में डबल ट्राली लगाकर गन्ना ढुलाई करने वालों के हौसले इतने बुलंद हो चुके कि वह अपने ट्रेक्टरों को जमीन पर चलाने की जगह हवा में चलाते हुये देखे जा रहे है।

## शोकाकुल परिवारों के बीच पहुंचे मंडल अध्यक्ष दिग्विजय सिंह राजपूत

**नवभारत,साईखेड़ा।** निकटवर्ती क्षेत्र और नगर में बीते दिनों घटित हुई दुखद घटनाओं ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। इन घटनाओं से जहाँ पूरा नगर आहत है, वहीं शोकाकुल परिवारों में मातम पसरा हुआ है।

इस अत्यंत कठिन समय में परिजनों को संबल प्रदान करने और संवेदना व्यक्त करने के लिए भाजपा मंडल अध्यक्ष दिग्विजय सिंह राजपूत पीड़ित परिवारों के निवास पहुंचे। शोक संतप्त परिवारों से मुलाकात के दौरान दिग्विजय सिंह राजपूत काफी भावुक नजर आए। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा नगर और समाज उनके



साथ खड़ा है। उन्होंने कहा, अपनों को खोने का दुख असहनीय होता है और इसकी भरपाई कोई नहीं कर सकता, लेकिन हम एकजुट होकर इस पीड़ा को कम करने का प्रयास कर सकते हैं। मंडल अध्यक्ष ने परिजनों को विश्वास दिलाया कि वे व्यक्तिगत रूप से और संगठन के माध्यम से शासन-प्रशासन तक उनकी बात पहुंचाएंगे।

### एक नजर में



## आशीष राय हुए सम्मानित

**नवभारत,गाडरवारा।** विगत दिवस भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ नई दिल्ली की राज्य इकाई जर्नलिस्टस यूनियन मध्यप्रदेश के विदिशा जिले की सिरोंज तहसील में हुए राज्य स्तरीय पत्रकार सम्मेलन भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। जिसमें राज्यमंत्री नारायण सिंह पवार के मुख्यातिथि एवं संगठन के राष्ट्रीय महासचिव डॉ नवीन आनंद जोशी, प्रांतीय अध्यक्ष डॉ अरुण सक्सेना की उपस्थिति में सम्मान समारोह का आगाज किया गया। जिसमें साफ एवं स्वच्छ पत्रकारिता के साथ समाजसेवा में समर्पित होकर जनहित में कार्य करने हेतु नगर के युवा आशीष राय का सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

## नियमों की धज्जियां उड़ा रहा जन औषधि केंद्र, ड्रग इंस्पेक्टर का छापा

**नवभारत,गोटेगांव।** टॉकीज रोड स्थित प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र में नियमों के उल्लंघन की शिकायतों पर ड्रग इंस्पेक्टर देवेंद्र जैन ने बड़ी कार्रवाई की है। औचक निरीक्षण के दौरान यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि केंद्र में लंबे समय से नियमों के विपरीत ब्रांडेड अंग्रेजी दवाइयों और नारकोटिक्स दवाओं का अवैध विक्रय किया जा रहा था। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के नियमों के अनुसार इन केंद्रों पर केवल शासन द्वारा अनुमोदित दवाइयां ही बेची जा सकती हैं, लेकिन यहां निजी कंपनियों की दवाइयां बेचे जाने की पुष्टि हुई है। जांच के दौरान ड्रग इंस्पेक्टर ने पाया कि केंद्र में नारकोटिक्स श्रेणी की दवाइयां भी मौजूद थीं, जिसके बाद संबंधित संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके साथ ही मामले में न्यायालयीन कार्रवाई भी की जाएगी। निरीक्षण में दुकान के भीतर एक्सपायरी दवाइयां भी मिली हैं और दवाओं के भंडारण व साफ-सफाई की स्थिति भी मानक स्तर की नहीं पाई गई। ड्रग इंस्पेक्टर देवेंद्र जैन ने स्पष्ट किया कि जन औषधि केंद्रों का मूल उद्देश्य जनता को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराना है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं होगा। ड्रग विभाग की इस छापामार कार्रवाई से शहर के दवा विक्रेताओं में हड़कंप की स्थिति बनी रही। विभाग ने चेतावनी दी है कि भविष्य में भी इस तरह के औचक निरीक्षण और कार्रवाई जारी रहेगी।

## संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा आज से

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** भगवान बांके बिहारी पुण्य सलिला मां नर्मदा जी मां राजराजेश्वरी जी की कृपा और हीरापुर वाले स्वामी जी महाराज के आर्शीवाद से समीपी ग्राम हीरापुर में चौकसे परिवार के द्वारा निखिल चौकसे की पुण्य स्मृति में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन आज 4 जनवरी से 10 जनवरी तक कथा व्यास पं शिवओम कृष्ण शास्त्री के द्वारा भगवान बांके बिहारी की लीलाओं का गुणानुवाद किया जायेगा ।आयोजक मंडल द्वारा मिली जानकारी के अनुसार आज 4 जनवरी को सुबह नौ बजे से भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी तथा प्रतिदिन दोपहर दो बजे से शाम 05 बजे तक कथा वर्णित की जायेगी ।आयोजक मंडल ने सभी श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की है।

## समाज सेवा से ही व्यक्तित्व का निर्माण होता है- फग्गन सिंह कुलस्ते

**नवभारत,गोटेगांव।** गोटेगांव के समीपवर्ती श्री जगतगुरु शंकराचार्य महाविद्यालय श्रीनगर द्वारा ग्राम कुंडा में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने शिरकत की। शिविर में पहुँचने पर स्वयंसेवकों ने लोकगीत और भजनों के माध्यम से सांसद का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम के शुभारंभ में अतिथियों ने ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज एवं स्वामी विवेकानंद जी के तैल चित्र पर विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से छात्र-छात्राएं समाज सेवा के जो कार्य कर रहे हैं, वह अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ समाज सेवा का भाव होना व्यक्ति के भीतर नई अलख जगाता है।



## नरसिंहपुर इकाई में वैश्य महासम्मेलन के कैलेंडर 2026 का विमोचन

**नवभारत,नरसिंहपुर।** आज वैश्य महासम्मेलन नरसिंहपुर इकाई में वैश्य महासम्मेलन के कैलेंडर 2026 के विमोचन का कार्यक्रम संपन्न हुआ प्रदेश महामंत्री आदरणीय सुनील कोठारी के निवास पर आयोजित इस कार्यक्रम मे कैलेंडर के विमोचन के साथ मासिक बैठक भी आयोजित की गई। जिसमें जनवरी माह में होने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की गई सुनील कोठारी ने अपने उद्बोधन में वैश्य महासम्मेलन के विभिन्न घटकों के बारे में जानकारी दी अध्यक्ष अजय जैन ने सतत संपर्क द्वारा समाज के लोगों को सदस्यता ग्रहण करने के बारे में बताया जिला महामंत्री विनीत नेमा जी ने कैलेंडर वितरण को एक अभियान के रूप में चलाए जाने की बात कही कार्यक्रम में संभागीय संगठन मंत्री करेली से मुकेश सिंघई, जिला अध्यक्ष अजय जैन वरिष्ठ संरक्षक संतोष अवधिया जिला महामंत्री द्वय महीश मोदी, विनीत नेमा, तेंदूखेड़ा से तहसील प्रभारी पंकज स्वदेशी तहसील अध्यक्ष मिथिलेश (टिंकू) अग्रवाल, प्रवीण जैन की विशेष उपस्थिति रही।

## पत्नी की धारदार हथियार से हत्या करने वाला गिरफ्तार

**नवभारत,नरसिंहपुर।** थाना कोतवाली अंतर्गत 10/12/2025 को प्रार्थी अभिषेक नेमा पिता अशोक कुमार नेमा उम्र 27 साल नि. बजरंग वार्ड नरसिहंपुर कि रिपोर्ट कि उसके दोस्त सौरभ सोनी की माँ लता सोनी का उनके घर के ऊपर वाले कमरे में किसी अज्ञात व्यक्ति व्दारा धारदार हथियार से गले में चोटें पहुँचाकर हत्या कारित की गयी है थाना कोतवाली में अप.क्र.905/2025 धारा 103(1) बी.एन.एस. का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया ।

घटना की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक महोदय नरसिहंपुर ऋ षिकेश मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय नरसिहंपुर संदीप भूरिया, एसडीओपी नरसिंहपुर मनोज गुप्ता के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव चाटे की थाना स्तर की टीम उनि मनीष मरावी, आर.पंकज राजपूत,आर.जितेन्द्र सिंह, आर प्रहलाद,आर.रोहित चन्पुरिया की टीम गठित कर अज्ञात आरोपी की



तलाश हेतु निर्देशित किया गया। उक्त टीम के व्दारा प्रकरण में संदेही मृतिका लता सोनी के पति मनोज सोनी की तलाश शहर ,रेल्वे स्टेशनों, आस-पास के नर्मदा नदी स्थित घाटों में एवं सी.सी.टी.व्ही.फुटेज चैक कर लगातर की जा रही थी जो मुखबिर से सूचना प्राप्त हुयी की संदेही मनोज सोनी शहर के आस पास देखा गया है जो उक्त सूचना की तस्दीक की जाकर मुखबिर के बताये स्थान एवं आस-पास के स्थानों पर की गयी जो संदेही आज दिनांक 02/01/2026 को नरसिहंपुर करेली मार्ग हाईवे के पास सिध्द बाबा मंदिर में पीछे खेत में उपस्थित मिला । उक्त संदेही मनोज सोनी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गयी जिसने बताया कि उसकी पत्नि उसे कुछ काम न करने एवं घर जमाई होने का हमेशा ताना मारती थी । उसकी कोई बात नहीं मानती थी जिससे हमेशा दोनों के बीच लडाई झगडा होता रहता था घटना दिनांक 09/12/2025 को भी रात्रि में उसकी पत्नि लता सोनी ने उसके लिये चाय बनाने से मना कर दिया था इसी बात पर से आरोपी ने जब उसकी पत्नी लता सोनी सो रही थी तब चाकू से पत्नि के गले में चोटें पहुँचाकर पत्नि की हत्या करना स्वीकार किया।

## बरमान मेला बिगाड़ने की साजिश, सोशल मीडिया पर IAS अधिकारी के खिलाफ दुष्प्रचार

### पुलिस अधीक्षक से सख्त कार्रवाई की मांग, सौंपा गया ज्ञापन

**नवभारत,नरसिंहपुर।** प्राचीन एवं ऐतिहासिक बरमान मेला क्षेत्र में सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने और प्रशासनिक अधिकारियों की छवि धूमिल करने के आरोपों को लेकर पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर को एक लिखित ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि कुछ पत्रकारों एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा सुनियोजित षड्यंत्र के तहत सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर भ्रामक खबरें और वीडियो प्रसारित किए जा रहे हैं।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि मां नर्मदा तट, बरमान में लगने वाले इस ऐतिहासिक मेले को सुव्यवस्थित और स्वच्छ बनाने के लिए विगत दो माह से जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में अधिकारी, कर्मचारी एवं आमजन मिलकर स्वच्छता एवं जन-जागरूकता अभियान चला रहे हैं। इसी दौरान कुछ कथित असामाजिक तत्वों द्वारा दुर्भावनापूर्ण इरादे से




प्रशासनिक अधिकारियों के विरुद्ध एकतरफा और अप्रमाणित सामग्री सोशल मीडिया पर प्रसारित की जा रही है। विशेष रूप से गजेंद्र सिंह नागेश, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, के विरुद्ध कथित तौर पर छवि खराब करने के उद्देश्य से भ्रामक पोस्ट एवं तथाकथित स्टिंग वीडियो वायरल किए जाने का आरोप लगाया गया है। ज्ञापन में मांग की गई है कि इस वीडियो की सूक्ष्म जांच कर यह पता लगाया जाए कि इसे किसने, किस उद्देश्य से और किसके कहने पर बनाया एवं प्रसारित किया।

### कार्यवाही की जाये

साथ ही यह भी मांग की गई है कि जनसंपर्क विभाग नरसिंहपुर जिला से उन सभी पत्रकारों एवं अन्य व्यक्तियों की जानकारी प्राप्त की जाए, जिन्होंने बिना तथ्यात्मक पुष्टि के खबरें एवं वीडियो साझा किए। ज्ञापन में सोशल मीडिया के दुरुपयोग के मामलों में आईटी एक्ट के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापनकर्ताओं का कहना है कि समय रहते कठोर कदम नहीं उठाए गए तो इससे न केवल प्रशासनिक छवि को नुकसान पहुंचेगा, बल्कि ऐतिहासिक धार्मिक बरमान मेले के दौरान जिले की सामाजिक शांति एवं सौहार्द भी प्रभावित हो सकता है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से तत्काल प्रभावी कार्रवाई कर ऐसे तत्वों पर रोक लगाने की अपील की है।



## कैलेंडर का विमोचन, कैलाश सोनी का अभिनंदन किया गया

**नवभारत,करेली।** मध्यप्रदेश वैश्य महासम्मेलन प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सत्र 2026 नए वर्ष के बहुरंगी कैलेंडर का विमोचन कार्यक्रम गत दिवस कर्तव्य पर आयोजित किया गया, जिसमें लोकतंत्र रक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा के पूर्व सदस्य कैलाश सोनी व भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक के करकमलों से आकर्षण बहुरंगी कैलेंडर का विमोचन हुआ। इस अवसर पर तहसील ईकाई द्वारा श्रीयुत कैलाश सोनी का शाल श्रीफल व मोतीमाला से अभिनंदन किया गया। इस मौके पर सोनी ने कहा कि यह आकर्षक कैलेंडर बहुरंगी के साथ-साथ विविध जानकारियों से परिपूर्ण है व आमजन के लिये उपयोगी है। मध्यप्रदेश के पूर्व गृहमंत्री उमाशंकर गुप्ता के संरक्षक व भाई सुधीर अग्रवाल के प्रदेशाध्यक्ष द्वारा संचालित यह संगठन वैश्य बंधुओं की एकजुटता के लिए मील का पत्थर है। वैश्य महासम्मेलन परिवार को मै नववर्ष की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं ।